Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding construction of a railway over bridge near Kharkhauda Railway Station, Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): अध्यक्ष जी, रेलवे द्वारा बनाए गए अंडरपासों में थोड़ी वर्षा से भी पानी भर जाने की समस्या को अनेक बार विभिन्न माननीय सदस्यों द्वारा सदन में उठाया गया है। इस समस्या का अभी तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है तथा परिणामस्वरूप बरसात के मौसम में इन अंडरपासों से जुड़े गाँव मुख्य मार्गों से पूरी तरह कट जाते हैं तथा सभी ग्रामवासियों विशेषकर किसानों, बीमार व्यक्तियों तथा बच्चों को अत्यधिक कठिनाई होती है। सभापति जी, मेरठ में खरखौदा-मोहिउद्दीनपुर मार्ग जनपद का अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है। इस मार्ग पर खरखौदा रेलवे स्टेशन के निकट ही रेलमार्ग पर अंडरपास निर्माणाधीन है। अंडरपासों उपरोक्त अनुभव के कारण नागरिकों को आशंका है कि इस मार्ग पर बनने वाले अंडरपास में भी पानी भरेगा तथा सम्पूर्ण क्षेत्र का आवागमन ही बाधित हो जायेगा।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इस मार्ग पर यातायात के आवागमन को ध्यान में रखते हुए खरखौदा रेलवे स्टेशन के निकट स्थित रेलमार्ग पर एक ओवर ब्रिज बनाए जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश देने की कृपा करें।